## हिन्दी प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी चंडीगढ़
## (तिथि 13 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)

आज पंजाब और हरियाणा में बैसाखी का त्यौहार धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैसाखी के पर्व पर सभी को बधाई दी है। हरियाणा के पंजाबी बाहुल्य इलाकों से बैसाखी मनाए जाने के समाचार मिले हैं।

*************************************************************

आज बैसाखी पर अंबाला के विभिन्न गुरुद्वारों में श्रीअखंड पाठ के भोग डाले गए अंबाला शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारों बादशाही बाग, गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब, गुरुद्वारा मंजी साहिब में खालसा साजना दिवस, पर दीवान सजाए गए और गुरु के लंगर अटूट बरताए गए। यहां पर संगतों ने श्रद्धा के साथ माथा टेका और मन्नते मांगी। इस अवसर पर गुरुद्वारों को रंग बिरंगी रोशनियों और फूलों से सजाया गया। आज अंबाला के मुलाना में दो सड़का स्थित गुरुद्वारे में नेत्र चिकित्सा शिविर भी लगाया गया जिसमें 200 के लगभग लोगों के नेत्रों की जांच कर उन्हें मुफ़्त दवाइयां दी गई।

*************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज बैसाखी पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।
श्री दत्तात्रेय ने किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैसाखी उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का उत्सव है। उन्होंने कहा कि यह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ के गठन की याद भी दिलाता है । सभी के लिए समृद्धि, खुशहाली और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए राज्यपाल ने सभी से करुणा, समावेशिता और आपसी सम्मान के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया।

*************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने 1919 में इस दिन स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदान को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उनके बलिदान ने देश के स्वतंत्रता संग्राम को मजबूती प्रदान की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अत्याचार के सामने वीरों का बेजोड़ बलिदान हमारे स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अंकित है। उन्होंने कहा कि भारत उनके साहस का हमेशा ऋणी रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां शहीदों के अदम्य साहस को हमेशा याद रखेंगी। उन्होंने इस घटना को हमारे देश के इतिहास का एक काला अध्याय बताया।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुछ समाचार पत्रों में नाथूसरी चौपटा, सिरसा और नारनौंद की अनाज मंडियों में किसानों की फसलें भीगने से संबंधित खबरों पर स्वयं संज्ञान लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा है कि जो अधिकारी एवं कर्मचारी इसके लिए दोषी पाया जाएगा , उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करके 15 अप्रैल तक उनको जानकारी देने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस मामले का समाधान करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी भी मांगी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जब किसान की फसल मंडी में पहुंच जाती है तो हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की जिम्मेवारी बन जाती है कि उनकी फसल की बारिश आदि से सुरक्षा सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा है कि किसी अनाज मंडी में किसान की सरसों या गेहूं भीगने पर हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*************************************************************

अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल हरियाणा के हिसार से आयोध्या के बीच हवाई सेवा की शुरूआत करेंगे। वे हिसार हवाई अड्डे पर एक नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखेंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। श्री मोदी यमुनानगर में विकास परियोजनाओं का उद्धाटन और शिलान्यास करेंगे

जिनमें यमुनानगर में आठ सौ मेगावाट क्षमता वाले दीनबंधु छोटू राम थर्मल बिजली संयंत्र, यमुनानगर के मुकरबपुर में कंप्रेस्ड बायोगैस संयत्र का शिलान्यास शामिल है। वे भारतमाला परियोजना के तहत 14 किलोमीटर से अधिक लंबी रेवाड़ी बाईपास परियोजना का उद्घाटन भी करेंगे। इससे दिल्ली-नारनौल के बीच की दूरी एक घंटे कम हो जाएगी। प्रधानमंत्री यमुनानगर में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

************************************************************

भारतीय सेना के सूबेदार मेजर ओमपाल मुद्गिल का आज रोहतक में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे अंकित ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार से पहले सेना की टुकड़ी ने शस्त्रों के साथ उन्हें सलामी दी। उनको अंतिम विदाई देने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। मूलरूप से रोहतक जिले के खिडवाली गांव के रहने वाले ओमपाल मुद्गिल वर्ष 1996 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। फिलहाल वह उत्तर प्रदेश के लखनऊ में तैनात थे। वह परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा अंकित और बेटी अंजलि छोड़ गए हैं।

************************************************************